# मानगढ़ धाम दौरे से भाजपा का 52 आदिवासी सीटें साधने का प्रयास

## अहमदाबाद-उदयपुर ब्रोडगेज ट्रेन का उद्घाटन भी होगा

**उदयपुर, (कासं)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानगढ़ दौरा एक नवम्बर को होगा। प्रधानमंत्री के इस दौरे को पूरी तरह राजस्थान और गुजरात के आदिवासी समाज को साधने को लेकर माना जा रहा है। हालांकि इसे प्रधानमंत्री का आधिकारिक दौरा बताया जा रहा है, मगर इस बहाने भाजपा की निगाहें गुजरात और राजस्थान की 52 आदिवासी सीटों पर है। गुजरात के बाद अगले साल राजस्थान में विधानसभा चुनाव हैं। राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की 25 सीटें आरक्षित हैं।

इधर 31 अक्टूबर को उदयपुर से अहमदाबाद के बीच ब्रॉडगेज ट्रैक पर ट्रेनें शुरू हो जाएंगी। यूं तो यह महज एक नए रेलवे ट्रैक का उद्घाटन होगा। मगर राजनीतिक रूप से यह काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। यही वजह है कि गुजरात चुनाव से ठीक पहले इसे शुरू किया जा रहा है ताकि इसका सीधा राजनैतिक लाभ भाजपा को मिल सके। इसकी औपचारिक शुरुआत भी गुजरात से की जा रही है। इसके उद्घाटन समारोह से कांग्रेस और राजस्थान सरकार को दूर ही रखा गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के असरवा रेलवे स्टेशन से खुद इस ट्रैक पर नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन करेंगे। उनके साथ रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। वहीं, ठीक उसी वक्त राजस्थान में उदयपुर रेलवे स्टेशन से राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी दूसरी ट्रेन को उदयपुर से हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। ये ट्रेन असरवा जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री की हरी झंडी वाली ट्रेन उदयपुर पहुंचेगी ।

कांग्रेस को इस उद्धघाटन समारोह से दूर रखने का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनों शहरों के बीच के हर स्टेशन पर स्वागत के लिए भाजपा विधायक और सांसद मौजूद रहेंगे। उदयपुर.अहमदाबाद ब्रॉडगेज राजस्थान और गुजरात के लगभग 12 जिलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। दोनों राज्यों की बडी जनसंख्या इससे प्रभावित होगी।

- **31 अक्टूबर को उदयपुर से अहमदाबाद के बीच ब्रॉडगेज ट्रैक पर शुरू होने वाली ट्रेनें भी राजनीतिक रूप से यह काफी महत्वपूर्ण**
- **दोनों शहरों के बीच के हर स्टेशन पर स्वागत के लिए भाजपा विधायक और सांसद मौजूद रहेंगे**

राजस्थान में जहां उदयपुर रेलवे स्टेशन पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी खुद मौजूद होंगे। वहीं उसके बाद पड़ने वाले उमरड़ा स्टेशन पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा मौजूद रहेंगे। इसके बाद जावर माइंस स्टेशन पर उदयपु सांसद अर्जुन मीणा रहेंगे। इसके बाद जयसमंद स्टेशन पर सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा मौजूद रहेंगे। वहीं इसके बाद डूंगरपुर स्टेशन पर बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा मौजूद रहेंगे। इसके बाद ट्रेन गुजरात में प्रवेश कर जाएगी। ठीक इसी तरह गुजरात के भी कई विधायक.सांसद वहां के प्रमुख स्टेशन पर ट्रेन के स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे।

अहमदाबाद से उदयपुर के बीच चलने वाली ट्रेन का सबसे ज्यादा फायदा राजस्थान के पांच जिलों उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और राजसमंद को होगा। इस इलाके से अहमदाबाद जाने वाले लोगों का सीधा जुड़ाव होगा। भाजपा 2023 में इन जिलों की 23 सीटों पर इस ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट को अपने विकास के काम के तौर पर मैदान में लेकर उतरेगी।

# कृषि भूमि की आड़ में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण

## वाणिज्यिक भूखंड में जबरन कब्जा रोकने की एसडीएम से लगाई गुहार

- **मसूदा के पास अडवाणिया में वाणिज्यिक भूखंड पर जबरन कब्जे का प्रयास**

**मसूदा, (निसं.)।** कस्बे के समीप अडवाणिया में स्थित वाणिज्यिक भूखंड पर किए जा जबरन कब्जे को रोकने को लेकर उपखंड अधिकारी को गुहार लगाई। उपखंड अधिकारी को दिए ज्ञापन में महेंद्र सिंह ने बताया कि खसरा में संख्या 5023/3162 0.7302 हेक्टेयर वाणिज्यिक रूपान्तरित भूखंड है। उक्त भूखंड के कृषि से वाणिज्यिक रूपान्तरण की कार्यवाही के दोरान भौतिक सत्यापन पटवारी मसूदा द्वितीय भू अभिलेख निरीक्षक मसूदा तहसीलदार मसूदा एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा द्वारा किया गया। इसका उल्लेख नाम एवं क्षेत्रफल वर्णित करते हुए संपरिवर्तन के साथ ले आउट मानचित्र को प्रमाणित कर जारी किया। उक्त वाणिज्यिक भू संपदा में पड़ोसी खातेदार देवी पुत्र जोधा, इन्द्रा पत्नी महेन्द्र, मन्ना पत्नी गोपाल, पारसी पत्नी सुरेन्द्र, शारदा पत्नी शेरू, सलीम पुत्र देवी गंगा, सलीम की पत्नी व रणजीत का पुत्र सभी जाति मेहरात निवासीगण अडवाणिया मसूदा आये एवं उसकी करीब 1618 वर्गमीटर से अधिक जगह पर कब्जा करने के लिए आमादा है एवं मरने मारने की धमकियां दे रहे हैं ।

उक्त भू संपदा वाणिज्यिक है, जबकि इन अप्रार्थीगण की कृषि भूमि है, अपनी कृषि भूमि की आड़ में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किये हुए है। अब और नियत खराब होने से सरकारी भूमि से भी आगे बढ़ कर उसकी वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस थाना मसूदा में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया तो उन्होंने मामला भू राजस्व का होना बताकर पटवारी या राजस्व कर्मी द्वारा सिमांकन करवाने हेतु निर्देशित किया। एव मौके पर शांति व्यवस्थार्थ उपस्थित होने की सहमति दी। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी मसूदा को प्रार्थना पत्र दिया। जिससे राजस्व कर्मी मौके पर आकर अप्रार्थीगण को सीमा से संतुष्ट कर सके जिसके चलते मौके पर शांति व्यवस्था बनी रहे।

एसडीएम द्वारा इस संदर्भ में तहसीलदार एवं पुलिस थानाधिकारी मसूदा को पत्र भी जारी कर दिया किन्तु तहसीलदार व पुलिस थाना मसूदा से अपेक्षित कार्यवाही अभी तक नहीं होने के कारण अप्रार्थीगण को प्रोत्साहन मिल रहा है। महेंद्र ने बताया कि वह व उसका परिवार शिक्षित है इसका अप्रार्थीगण नाजायज फायदा उठा धमकाकर उसकी जगह को हडपना चाहते है। जबकि वो अपनी जगह पर चारदीवारी व फेन्सिंग करवाना चाहता है। मामले को लेकर तहसीलदार मसूदा को मौके पर पटवारी एवं गिरदावर के साथ आकर उक्त अप्रार्थीगण को मौके पर बुलवाकर नाप करके सिमास्थिती स्पष्ट करने पुलिस जाप्ता रखने के लिए थानाधिकारी मसूदा को भी निर्देश देने की मांग की।

# राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग की तबियत बिगड़ी

**भरतपुर, (निस)।** विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दीपावली के त्यौहार की शुभकामनाएं देने आए राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग की दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान तबियत बिगड गई।

सूचना मिलने पर पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनके पास पहुंचे। वहीं चिकित्सकों की टीम ने उनके स्वास्थ्य का परीक्षण करने के बाद एहतियात के रूप में उन्हें एसएमएस जयपुर के लिए रैफर कर किया । रविवार को उनके रनजीत नगर स्थित आवास पर दीपावली मिलन कार्यक्रम था। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, महापौर अभिजीत कुमार, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, जिला कलक्टर आलोक रंजन, एसपी श्यामसिंह, आयुक्त अखिलेष कुमार, सचिव कमलराम मीना सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे।

डॉ. गर्ग को दीपावली की बधाई देने के लिये विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों सहित कई समाजों के लोग बैंड बाजों एवं ढ ोल नगडों के साथ पहुंचे।



**चिकित्सकों की टीम ने डॉ. गर्ग के स्वास्थ्य को देखते हुए जयपुर रैफर किया।**

जिन्होंने तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग का भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम के समापन से कुछ समय पहले राज्यमंत्री डॉ. सुभाश गर्ग को बाएं हाथ एवं चेहरे में कुछ कमजोरी महसूस हुई। जिसके बाद चिकित्सक को बुलाया गया। राज्यमंत्री के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने राज्यमंत्री डॉ. गर्ग का एमआरआई स्कैन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित कुछ टेस्ट कराए। उनका रेन्डम ब्लड शुगर 192 बढा हुआ आया वहीं ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ आया। राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को अपने बाएं हाथ में मरोड महसूस हो रहा था वहीं चेहरे में भी कमजोरी महसूस की। जिस पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद अन्य जांच एवं स्वास्थ्य प्रति एहतियात बरतते हुए जयपुर एसएमएस के लिए रैफर कर दिया।

## महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र लूटा

**अजमेर, (कासं)।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर सक्रिय चोर गिरोह ने एक बार फिर महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र चोरी करने चुराकर फरार हो गये। मामले में महिला के पति ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

भगवान गंज, जिला अजमेर निवासी पीड़ित शुभम पुत्र रमेश ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत देकर बताया कि वह अपने परिवार सहित अजमेर से किशनगढ़ बस में जा रहा था। उसी बस में उसकी धर्मपत्नी पूजा भी शामिल थी। पूजा के गले से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंगलसूत्र खींच लिया गया। जिसकी टूटे हुए मोती बस में ही बरामद हुए हैं। बस में मंगलसूत्र को ढूंढा भी किया गया लेकिन नहीं मिला। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने पीड़ित पति की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में थाना अधिकारी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जिससे कि जल्द गिरोह को गिरफ्तार किया जा सके।

# भीलवाड़ा को मिलेगा जयपुर-असारवा ट्रेन का लाभ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अब भीलवाडा से अहमदाबाद के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा का लाभ औद्योगिक नगरी के वाशिंदों को जल्द ही मिलने वाला है। अहमदाबाद के लिए ट्रेन चलने का लंबे समय से भीलवाडावासियों को इंतजार था। एक नवंबर से भीलवाडा के रास्ते जयपुर-अहमदाबाद (असारवा) वाया उदयपुर सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरु हो रहा है। उदयपुर-अहमदाबार रेलमार्ग के आमान परिवर्तन का कार्य पूरा होने के बाद रेल मंत्रालय ने इस नई रेल लाइन पर ट्रेनों के संचालन की मंजूरी दी है।

जानकारी अनुसार रेलवे बोर्ड की ओर से उदयपुर से असारवा के बीच दो ट्रेन और जयपुर से असारवा वाया उदयपुर एक ट्रेन की मंजूरी देते हुये ट्रेन का टाइम शेड्यूल पहले जारी कर दिया था। इसके साथ ही इनके ठहराव वाले स्टेशन भी तय कर लिए गए थे। रेल मंत्रालय के इस आदेश के बाद रेलवे ने जयपुर-असारवा ट्रेन एक नवंबर से शुरु करने की घोषणा कर दी गई है। रेलवे के अनुसार नई रेल लाइन पर जयपुर से असारवा वाया उदयपुर के रूप में ट्रेन को मंजूरी मिली है। इसके तहत गाडी संख्या 12981 जयपुर से शाम 7.35 पर रवाना होकर अगले दिन सुबह 8.45 पर असारवा पहुंचेगी। यही ट्रेन गाडी संख्या 12982 असारवा से शाम 6.45 पर रवाना होकर सुबह 7.45 पर जयपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव फुलेरा जंक्शन, किशनगढ , अजमेर, नसीराबाद, भीलवाडा, चंदेरिया, मावली जंक्शन, राणाप्रताप नगर, उदयपुर, जावर, डूंगरपुर, शामलाजी रोड, हिम्मतनगर, नाडोल, दहेगांव और सरदारग्राम में रहेगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जयपुर-असारवा सुपर फास्ट एक्सप्रेस 21.40 बजे अजमेर, 23.35 बजे भीलवाडा, 3.15 उदयपुर, 5.2 बजे डूंगरपुर और 8.45 बजे असावरा पहुंचेगी। भीलवाडा में ट्रेन का 5 मिनिट का स्टोपेज रहेगा। उधर, असारवा जयपुर सुपरफास्ट ट्रेन 21.50 बजे डूंगरपुर, 23.40 बजे उदयपुर, 2.55 बजे भीलवाडा, 5.5 बजे अजमेर और 7.35 बजे जयपुर पहुंचेंगी।

## युवक की हत्या का आरोप, फैली सनसनी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थाने के गाँव बैरासर बुधू में रविवार शाम करीबन 6 बजे के आस-पास एक युवक की हत्या करने के आरोप का मामला सामने आया है। वहीं घटना के बाद समुचे गांव में सनसनी फैल गई।

घटना के सूचना के बाद राजगढ़ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा सीआई ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया है तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव को मोर्चरी रूम में रखवाया गया है। राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि रविवार शाम को उन्हे मिली सूचना पर घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया गया है। तथा मृतक सुनील कुमार धायल पुत्र करणसिंह धायल का शव सरकारी स्कूल के पीछे पड़ा मिला है। बलौदा ने बताया कि मृतक सुनील धायल के परिजनों की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल पायेगा, मगर समाचार लिखे जाने तक इस संबन्ध में पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# जानलेवा हमला कर नकदी और चेन लूटने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** आधा दर्जन से अधिक लोगों सहित 20-25 अन्य के खिलाफ एकराय होकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए आने व जातिसूचक गालिया देने, लूटपाट करने लोहे के रॉड, लाठिया, तलवार व पटास से मारपीट कर उनकी स्टाल पर तोडफोड कर लाखों रूपये की नगदी, सोने की चेन व सामान लूट कर ले जाने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा के अनुसार घनश्याम मीणा पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी लाल कुई हनुमान मंदिर के पास वार्ड 4 कस्बा राजगढ ने मामला दर्ज कराकर बताया कि 24 अक्टूबर की रात्रि को नरडियान मौहल्ला राजगढ के इजाज, साकिर भाटी, तोफिक नारनौली, आरीफ खान, आजाद खान, आसिफ पठान, शबाज तंवर पटाखे लेने के बाद वहीं पर ही पटाखे जलाने लगे, मना करने पर गाली गलोच कर वहा से चले गये तथा कुछ समय बाद पूर्व नियोजित योजना से संगठित होकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए आये व जातिसूचक गालिया देने लगे एवं लूटपाट करने उनके पास 20-25 अन्य लोगों के साथ लोहे के रॉड, लाठिया, लोहे के पाईप लेकर उनकी स्टाल पर आकर हिंदूत्व की गालिया व जाति सूचक गालिया देते हुए उनकी स्टाल पर तोडफोड व लूटपाट शुरू करदी।

आरोप है कि जैसे ही उन्होंने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो सभी ने एकराय होकर जान से मारने की नियत से उसके उपर शाकीर भाटी ने लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उसके सीर में चोटे आई। आरोप है कि वही इजाज खान और आसिफ पठान ने तलवार व लोहे के पटास से उसके भाई दीपक मीणा पर जानलेवा हमला किया, जिससे पाँच दांत व जबडा टूट गया।

हल्ला करने पर पडौसी ने स्टाल संचालक उन्हे छुडवाने लगे सभी आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की तथा मारपीट में नवीन राजपूत का हाथ टूट गया, दीपक स्वामी, गोविन्द वर्मा के साथ लाठियों से मारपीट की तथा रात्रि का समय होने के कारण भंयकर अफरा-तफरी मच गई।

## महिला की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** खेखरे के दिन बीयर पीने के दौरान नशे में दीमक मारने की दवा पीने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओगणा निवासी हमेरीबाई (30) पत्नी लखमा कसोटीया की विषाक्त वस्तु सेवन करने से मौत हो गई। लखमा व हमेरी दोनों खेकरे के दिन 26 अक्टूबर को साथ में बीयर पी रहे थे।

इस दौरान ज्यादा नशा चढने से पास ही पडी दीमक मारने की दवा की बोतल को बीयर समझ कर पी ली। जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए झाड़ोल चिकित्सालय ले गए। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मृतका के पीहर चंदवास झाड़ोल से परिजनों को बुलवा कर थानाधिकारी रामनारायण ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# मीणा समाज का थाने के समक्ष विरोध-प्रदर्शन

**सादुलपुर, (निसं)।** दीपावली की रात्रि को राजगढ में पटाखा व्यापारियों के साथ मारपीट तथा लूट प्रकरण के विरोध में घायल दीपक मीणा की ओर से एफआईआर दर्ज नहीं करने के विरोध में रविवार को मीणा समाज के लोगों ने पुलिस थाना राजगढ के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन किया।

इसी दौरान सेवानिवृत एएसपी रामनिवास मीणा व दिल्ली एयरपोर्ट के कनिष्ठ अधिकारी सचिन मीणा सहित मीणा समाज के जिलाध्यक्ष सुनील मीणा, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, सुरेन्द्र मीणा, रूपचन्द मीणा, नरेन्द्र मीणा, इन्द्रचन्द मीणा, विकास मीणा, हरद्वारीलाल मीणा, भवंरलाल मीणा, सुमेर सिह मीणा, प्रवीण सरदारपुरा, अजय शास्त्री, मनोज कुमार सैनी, सचिन, रवि स्वामी, दीपक स्वामी, गोविन्द वर्मा, मनीष सैनी, बडी संख्या में समाज के लोग थाने के समक्ष पहुँचे और नारेबाजी करने के साथ-साथ घायल दीपक मीणा की ओर से उसके भाई घनश्याम मीणा के द्वारा सौंपे गये परिवाद पर प्रथक से एफ.आई.आर. दर्ज किए जाने की माँग करते रहे। थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों से वार्ता करने का प्रयास किया, मगर प्रथक से एफआईआर नहीं होने तक लोगों ने वार्ता करने से इंकार कर दिया। वहीं विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बुटोलिया तथा पुलिस उप अधीक्षक बृजमोहन असवाल थाने पहुँचे। जिसके बाद जहाँ प्रदर्शनकारियों के साथ आए सेवानिवृत्त एएसपी रामनिवास मीणा ने कहा कि पुलिस ने एक ही एफ.आई.आर. दर्ज की है जो सामान्य जाति के पीडित व्यक्ति की ओर से है।

इस घटना में दीपक मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसका भाई घनश्याम उर्फ गुड्डू भी चोटिल हुआ है मगर उनकी एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई है। तथा उक्त दोनों युवक घायल अनुसूचित जनजाति के हैं तथा इनकी एफआईआर में एससी-एसटी की धाराएं लगाई जाने चाहिए थी। तत्पश्चात सेवानिवृत एएसपी रामनिवास मीणा, सेवानिवृत्त तहसीलदार रूप चंद मीणा, दिल्ली एयरपोर्ट के कनिष्ठ अधिकारी सचिन मीणा, लम्बोर बडी सरपंच कालूराम मीणा, पूर्व सरपंच कृष्ण मीणा आदि वार्ता हेतु पुलिस के बुलावे पर थानाधिकारी के चैंबर में पहुँचे, जहां उपस्थित एएसपी अशोक बुटोलिया ने घनश्याम मीणा की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिये। तथा दीपक मीणा एवं घनश्याम मीणा की तरफ से अलग से एफ.आई.आर. दर्ज करने एवं एससी एसटी अधिनियम की धाराओं को जोडा जाकर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश देने पर आदोलन कर रहे मीणा समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन बन्द किया तथा प्रकरण में शीघ्र ही कार्यवाही नहीं होने पर आदोलन की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि पुलिस थाने के पीछे स्थित हायर सैकण्डरी स्कूल के खेल मैदान के आगे होली दीवाली पर प्रशासन द्वारा अस्थाई दुकानों की व्यवस्था की जाती है। उन्हीं अस्थाई दुकानों पर आतिशबाजी की बिक्री होती है। तथा दीपावली पर्व 24 अक्टूबर की रात्रि को आतिशबाजी की दुकानों के आगे कुछ युवकों की आपसी कहानसुनी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों के बडी संख्या में एकराय होकर आने व पटाखा व्यापारियों एवं दुकानों पर कार्य करने वाले कार्मिकों के साथ सरिये लाठियों व रॉड से मारपीट कर दीपावली पर हुई बिक्री की राशि लूट कर ले जाने का आरोप है।

# अजगर ने किया सियार का शिकार



- **खेमरू गांव के डामोर फला का मामला**

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की ग्राम पंचायत खेमारु मे रविवार सुबह 10० फीट लंबे अजगर ने सियार का शिकार किया। सूचना मिलने पर मौके पर डूंगरपुर ललित श्रीमाल मौके पर पहुंचे तथा बडी मशक्कत कर 10०फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया गया।

ललित श्रीमाल ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि जिले की ग्राम पंचायत खेमारु गांव के डामोर फला में 10 फीट के अजगर ने सियार का शिकार कर पडा हुआ ग्रामीणों ने देखा था। सूचना पर मौके पर ललित श्रीमाल ने मौके पर पहुंचे। जहा पर झाडियों में अजगर ने सियार का शिकार किया हुआ था। जिसे अजगर का सफल रेस् यू कर वन विभाग को सुरक्षित सुपूर्द किया गया। इस दौरान मौके पर ललित श्रीमाल जयेश श्रीमाली मौजूद थे।

## ताश के पतों पर दांव लगाते 8 गिरफ्तार

**सुजानगढ़, (निसं)।** ताश के पत्तों पर दांव लगा कर जुआ खेलते 8 जनों को गिरफ्तार किया है। सीआई मुकुट बिहारी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने आदर्श कॉलोनी में ताश के पत्तों पर दांव लगा कर जुआ खेलते मनीष खेतान पुत्र काशीराम खेतान निवासी सुजानगढ, दिलीप पुत्र जुगल किशोर प्रजापत निवासी सुजानगढ, मुन्ना पुत्र जबरूद्दीन निवारिया निवासी सुजानगढ, सुंदर पुत्र गोरधन स्वामी निवासी जैतासर, बनवारी पुत्र केशर राम सिद्ध निवासी जैतासर, भींवाराम पुत्र रामेश्वर मेघवाल निवासी जैतासर, ऊंकार मल पुत्र खरताराम प्रजापत निवासी दडीबा, फूलचंद पुत्र रामकुमार ब्राह्मण निवासी कसुम्बी को गिरफ्तार कर 4०,88० रुपये नगद, ताश जोडी बरामद की है।

## आग से स्क्रैप जला

**सुजानगढ़, (निसं)।** जमालपुरा मौहल्ले में स्थित तिरपाल के गोदाम में आग लगने से कुछ स्क्रेप जल गया। गोदाम संचालकों ने बताया कि बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी थी। आस-पास के लोग एकत्रित होकर आग बुझाने लगे तथा सूचना पर नगरपरिषद की दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। दमकल के साथ चालक अमजद खान कायमखानी, शाहरूख, इकबाल, साजिद आदि पहुंचे और आग पर काबू पाया।

# सीआरपीएफ के जवानों ने निकाली वाहन रैली

## देशभक्ति के लगाए नारे, राष्ट्रीय एकता दिवस को लेकर किया जागरूक

**अजमेर, (कासं)।** राष्ट्रीय एकता दिवस से पूर्व अजमेर शहर में रविवार सुबह सीआरपीएफ जीसी 2 की ओर से 75 किलोमीटर बाइक रैली निकाल लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे।

सीआरपीएफ डीआईजी अनिल कुमार ने बताया कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी से पहले भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजादी के बाद भी देश की एकता को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी रियासतों को एक करने में उन्होंने कई ठोस कदम उठाए। जिसके बाद देश को एक किया जा सका। ऐसे महान पुरुष को याद करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है और इसी के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम सीआरपीएफ की ओर से आयोजित किए गए। पहले दिन साइकिल रैली निकाली गई और रविवार



**बाइक रैली के दौरान सीआरपीएफ डीआईजी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।**

को दूसरे दिन सीआरपीएफ में बाइक रैली निकालते हुए आम जनता को राष्ट्रीय एकता दिवस के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, उन्होंने बताया कि तीसरे दिन इस दिन को हर्षोल्लास से सभी के बीच मनाया जाएगा।

## कुएं में लटका मिला युवक

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के गुगडोद गांव में रविवार को कुएं में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में लटके मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर बौंली चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुम लता मीणा ने बताया कि गूगडोद गांव निवासी युवक अल्ताफ उम्र 24 वर्ष शनिवार से ही घर से लापता था उसके परिजन उसे तलाश कर रहे थे इसी दौरान रविवार को उसके भाई व अन्य को एक कुएं में युवक मृत अवस्था में कुए की सीढ़ियों पर अपने शर्ट से फंदा लगाकर लटका मिला।

इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया एवं तलाशी के दौरान उसकी जेब में 11हजार नगद मिले जिसे पुलिस ने उसी समय परिजनों के सुपुर्द कर दिए। मामले की संदिग्ध अवस्था को देखते हुए बौंली पुलिस ने मेडिकल बोर्ड की टीम गठित कर शव का पोस्टमार्टम कराया एवं परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद यह पता लग सकेगा कि उसने स्वयं आत्महत्या की है या उसे किसी ने मार कर लटकाया है। परिजनों की शंका के आधार पर पोस्टमार्टम करवाया।